कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा / माध्य / मा–स / SDMC / 22423 / 2015–19 / 245 दिनांक – 10.04.2019

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
(मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा

विषयः– विद्यालय को प्राप्त सहायता राशि / क्राउड फण्डिंग के प्रबन्धन में SDMC/ SMC की भूमिका के सम्बन्ध में।

प्रसंगः– विभाग के समसंख्यक पत्र दिनांक : 25.05.2017 एवं 13.11.2018

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्रों के संदर्भ में लेख है कि विद्यालयों में आयोजित होने वाले वार्षिकोत्सव, गणतन्त्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस आदि कार्यक्रमों में सहायता / प्रोत्साहन राशि विद्यालयों को प्राप्त होती है, तथापि व्यवस्थित रूप से संग्रहण एवं उसके नियोजन की समुचित प्रक्रिया न होने से वह सुव्यवस्थित नहीं है। ''**क्राउड फण्डिंग**'' को व्यवस्थित रूप दिये जाने के लिये इसके संग्रहण एवं नियोजन में समुदाय की भागीदारी आवश्यक है। विद्यालय भी समुदाय की दृष्टि में आस्था का केन्द्र है। विद्यालयों में भविष्य का समुदाय तैयार होता है। इस क्रम में प्रत्येक विद्यालय में एक समुदाय का लघु स्वरूप अभिव्यक्त होता है। अतः **विद्यालय हेतु ''क्राउड फण्डिंग / अक्षय पेटिका'' की प्राप्ति एवं उसका प्रबन्धन भी समुदाय अर्थात SDMC / SMC के सहयोग से होना चाहिए, जिससे समुदाय का यह विश्वास बना रहे कि उनके द्वारा विद्यालय में उन्हीं के बालक–बालिकाओं हेतु दी जाने वाली सहायता का समुचित उपयोग हो रहा है।**

उक्त ''अक्षय पेटिका'' का प्रत्येक विद्यालय में संधारण न केवल ''**क्राउड फण्डिंग**'' का व्यस्थित स्वरूप है, वरन् इसके प्रबन्धन में समुदाय की भागीदारी इसे और भी प्रभावी बना सकती है। इस हेतु प्रत्येक विद्यालय में अक्षय पेटिका रखे जाने एवं अक्षय पेटिका में प्राप्त राशि का उपयोग करने हेतु राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार खर्च करने की व्यवस्था एवं प्रगति रिपोर्ट शाला दर्पण पोर्टल पर अपलोड करवाना सुनिश्चित करावें तथा मासिक प्रगति रिपोर्ट भेजें।

(मुकेश कुमार शर्मा)
उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को प्रभावी पर्यवेक्षण एवं समुचित प्रबोधन हेतु।
2. समस्त संस्था प्रधान, रामावि / राउमावि.............।
3. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड एवं समस्त राजकीय माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के ई–मेल पते पर प्रेषित करने हेतु।
4. सहायक निदेशक, शाला दर्पण, कार्यालय हाजा को भेजकर लेख है कि मासिक प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध करावें।
5. प्रभारी, सी.एस.आर. पोर्टल, कार्यालय हाजा को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. रक्षित पत्रावली।

उपनिदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

E:\Genral letter.docx

Scanned by CamScanner